हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 28 फरवरी 2026

06 10 वर्षीय बेटी के साथ कलयुगी पिता करता था ...



07 सिविल कोर्ट चौराहे पर जनता व व्यापारियों ...





# इतिहास के झरोखे:125 वर्ष पुराना जिला अस्पताल भवन, बीते युग की जीवंत स्मृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम (तत्कालीन होशंगाबाद) स्थित जिला अस्पताल का पुराना भवन केवल एक शासकीय ढांचा नहीं, बल्कि औपनिवेशिक काल की स्थापत्य परंपरा, जनसहयोग और सामाजिक सरोकारों का जीवंत प्रमाण है। लगभग 125 वर्ष पूर्व निर्मित यह इमारत आज भी अपनी ऐतिहासिक पहचान और संरचनात्मक मजबूती के कारण विशेष महत्व रखती है।

इस भवन का निर्माण 28 फरवरी 1901 को तत्कालीन चीफ कमिश्नर सीजे लायल के कार्यकाल में नर्मदा डिवीजन के कमिश्नर कर्नर बोवी की स्मृति में कराया गया था। उस समय होशंगाबाद के डिप्टी कमिश्नर ए एस वोमैक तथा म्यूनिसिपल कमेटी के अध्यक्ष कालिदास चौधरी थे। अंग्रेजी शासनकाल में यह क्षेत्र कमिश्नरी मुख्यालय हुआ करता था, जिससे इस भवन का प्रशासनिक और सामाजिक महत्व और बढ़ जाता है।

### जनसहयोग से खड़ी हुई ऐतिहासिक इमारत

इस अस्पताल भवन का निर्माण दानदाताओं और स्थानीय जनसहयोग से संभव हुआ था। विशेष रूप से मकड़ई के जागीरदार द्वारा दी गई 11,654 रुपये की राशि उस समय एक अत्यंत बड़ी धनराशि मानी जाती थी। भवन के मुख्य द्वार पर आज भी इस योगदान की स्मृति अंकित है, जो तत्कालीन समाज की जनभागीदारी और परोपकार की भावना को दर्शाती है।

### औपनिवेशिक स्थापत्य और संरचनात्मक विशेषताएं

यह भवन औपनिवेशिक स्थापत्य शैली का उत्कृष्ट उदाहरण है। मोटी दीवारें, ऊंची छतें और मजबूत निर्माण तकनीक इसे दीर्घायु बनाती हैं। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि भवन को भूकंप-रोधी तकनीक के अनुरूप तैयार किया गया था, जो उस काल की उन्नत इंजीनियरिंग समझ को प्रतिबिंबित करता है। तत्कालीन वायसराय लार्ड कर्जन के कार्यकाल में भारत में पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण की नींव रखी गई थी। उनके प्रयासों से ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी, जिसका प्रभाव देशभर में देखने को मिला।

### जन सहयोग से खड़ी हुई थी इमारत, विरासत को सहेजने की जरूरत






आज, जब आधुनिक भवनों का निर्माण तेजी से हो रहा है, तब यह ऐतिहासिक अस्पताल भवन हमें अतीत से जोड़ने का कार्य करता है। यह केवल चिकित्सा सेवा का पुराना केंद्र नहीं, बल्कि शहर की सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत का महत्वपूर्ण अध्याय है। ऐसी धरोहरों का संरक्षण न केवल इतिहास को सहेजने का प्रयास है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से परिचित कराने का माध्यम भी है।

#### इन्होंने किया था दान

- मकड़ई के राजा भारत शाह द्वारा 11654 रूपए की सबसे अधिक सहयोग राशि दी
- फतेहपुर नांदीपुरा के अनीउमेद कुंवर 6000 हजार रूपए
- पंडित मुकुंद राम शुक्ल द्वारा 3000 रूपए
- अनाजी दीवान 1000 रूपए सहयोग राशि
- राय बहादुर कालीदास चौधरी 1000 हजार
- एबी नेपियर 500 रूपए सहायता राशि
- राव साहब बलवंत राव 500 रूपए
- एमएफ जगन्नाथ प्रसाद 200 रूपए आदि ने सहयोग राशि अस्पताल हेतु दी थी।

### ऐतिहासिक सर्किट हाउस,यह भी 125 साल की शान



शहर की हृदयस्थली में स्थित सर्किट हाउस केवल एक भवन नहीं, बल्कि इतिहास की जीवंत धरोहर है। वर्ष 1901 में ब्रिटिश शासनकाल के दौरान तत्कालीन वायसराय लार्ड कर्जन के समय इसका निर्माण कराया गया था। आज 125 वर्ष बाद भी इसकी दीवारों पर इतिहास की छाप स्पष्ट दिखाई देती है। उस दौर में अब का नर्मदापुरम-होशंगाबाद हुआ करता था। अंग्रेजी हुकूमत के लिए एक महत्वपूर्ण कमिश्नरी मुख्यालय था। इस इमारत की बनावट, इसकी ऊंची छतें और विशाल परिसर आज भी औपनिवेशिक वास्तुकला की भव्यता को दर्शाते हैं। पहले यहां कबेलू की छत हुआ करती थी, जिसे समय-समय पर मरम्मत कर संरक्षित रखा गया। वर्तमान में इसकी देखरेख लोक निर्माण विभाग द्वारा की जा रही है, जिससे इसकी गरिमा अक्षुण्ण बनी हुई है।

## प्रशिक्षुओं को मिलेगा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर स्पोर्ट गोवा से बोट चालन का लाइसेंस

# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में दिया गया मोटर बोट चालन-मरम्मत प्रशिक्षण

मप्र ईको टूरिज्म बोर्ड द्वारा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की मढ़ई पर्यटन जोन में 17 से 26 फरवरी 2026 तक मोटर बोट चालन एवं मरम्मत का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न जिलों से आए 24 युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण प्राप्त सभी प्रतिभागियों को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर स्पोर्ट्स गोवा से बोट संचालन का लाइसेंस प्रदान किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र ईको टूरिज्म बोर्ड द्वारा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में मोटर बोट चालन एवं मरम्मत प्रशिक्षण का कार्यक्रम गत दिनों आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम रिजर्व की टूरिज्म जोन मढ़ई में 17 फरवरी 2026 से 26 फरवरी 2026 तक संचालित किया गया। इस प्रशिक्षण में नर्मदापुरम सहित अन्य जिलों के प्रशिक्षु सम्मिलित हुए। रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार यह प्रशिक्षण आवासीय था। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये नरसिंहपुर, मुरैना, सीधी, खंडवा, पायली व गांधीसागर अभ्यारण्य से 16 एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम से आठ अर्थात कुल 24 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। मोटर बोट चालन एवं मरम्मत कार्य प्रशिक्षण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर स्पोर्ट गोवा के मदन मोहन राव द्वारा दिया गया। मोटर बोट चालन एवं मरम्मत प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को वोट चालन, तैराकी एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। मोटर बोट चालन एवं मरम्मत में शामिल समस्त प्रशिक्षणार्थियों को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की ओर से टी शर्ट, कैप, डायरी, पेन उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम दौरान सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के आसपास के क्षेत्रों में सभी प्रकार के तकनीकी कौशल की जानकारियां प्रशिक्षुओं को प्रदान की गई।



#### मिलेंगे रोजगार के अवसर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, वनविभाग एवं ईको पर्यटन बोर्ड द्वारा सतत रूप से पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। एवं पर्यटन की परिधि में बोट चालक, वाहन चालक एवं अन्य प्रशिक्षित कर्मचारी जरूरी होते हैं। अतः उक्त प्रशिक्षण से प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। 26 फरवरी 2026 को प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम क्षेत्र संचालक राखी नंदा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस दौरान क्षेत्र संचालक राखी नंदा सहित रेंज ऑफिसर कामती राहुल उपाध्याय, बागड़ा बफर रेंजर विलास डोंगरे, प्रशिक्षक मदन मोहन राव एवं वन परिक्षेत्र कामती के स्टॉफ की उपस्थिति में मोटर बोट चालन एवं मरम्मत प्रशिक्षण का समापन किया गया। उक्त मोटर बोट चालन एवं मरम्मत प्रशिक्षण में सम्मिलित प्रशिक्षणार्थियों को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर स्पोर्ट गोवा की ओर से बोट चालन का लाइसेंस दिया जावेगा।



क्षेत्र संचालक राखी नंदा बस स्टॉप के साथ उपस्थित प्रशिक्षु व स्विमिंग पूल में लाइफ सेविंग ट्रेनिंग देते प्रशिक्षक।

# स्कूल के खिलाफ पोस्ट, प्रबंधन नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सोनासांवरी स्थित जीनियस प्लैनेट स्कूल के प्रबंधन ने एक अभिभावक की शिकायत पर नाराजगी जताई है। उन्होंने इस संबंध में थाने में शिकायती आवेदन दिया है और जांच की मांग की है। वहीं अभिभावक ने भी स्कूल के खिलाफ शिकायत की है। दरअसल स्कूल संचालक मोहम्मद जाफर सिद्दीकी द्वारा सौंपे गए पत्र के अनुसार, 25 फरवरी को नर्सरी के एक छात्र की नाक से अचानक खून बहने लगा था। जिसके बाद स्कूल स्टाफ ने तुरंत उपचार कर पिता को सूचित कर दिया था।

### प्रबंधन का आरोप : वीडियो बनाकर फैलाई भ्रामक जानकारी

स्कूल प्रबंधन का दावा है कि छात्र के पिता आशीष अग्निहोत्री ने स्कूल पहुंचकर महिला स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार किया और स्कूल परिसर के भीतर वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर भ्रामक रूप से साझा किया। संचालक का कहना है कि उनके पास घटना के समय का सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित है, जो साबित करता है कि बच्चे के साथ किसी प्रकार की मारपीट नहीं हुई।

प्रबंधन ने आरोप लगाया कि अभिभावक राजनीतिक धौंस दिखाकर स्टाफ को डरा रहे हैं और इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप के जरिए संस्था की छवि खराब कर रहे हैं ।

### अभिभावक का पक्ष:प्रबंधन ने नहीं किया सहयोग, मांगी थी सुरक्षा की गारंटी

दूसरी ओर, अभिभावक आशीष अग्निहोत्री ने इन आरोपों को नकारते हुए अपनी बात रखी है। उनका कहना है कि जब वे स्कूल पहुंचे तो बच्चे की नाक से खून बह रहा था और बच्चे ने स्वयं टीचर के सामने कहा था कि उसे मारा गया है। आशीष अग्निहोत्री ने थाने में दी अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने केवल सीसीटीवी फुटेज देखने की मांग की थी ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके, लेकिन प्रबंधन ने अभिभावकों को फुटेज दिखाना अलाऊ नहीं है, कहकर इनकार कर दिया। अभिभावक का कहना है कि उन्होंने केवल इतना चाहा था कि स्कूल प्रबंधन आगे के लिए बच्चे की सुरक्षा का आश्वासन दे, लेकिन उनके अड़ियल रवैये के कारण विवाद बढ़ा। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि शिक्षिका से पूछताछ की जाए और सीसीटीवी फुटेज की जांच कर उन्हें न्याय दिलाया जाए। फिलहाल, पुलिस प्रशासन दोनों पक्षों के आवेदनों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की सत्यता की जांच कर रहा है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला का कहना है कि मामले में शिकायती आवेदन आया है पूरी घटना की जांच की जा रही है।

**बेलर मशीनों पर अधिकतम अनुदान मिले**

# धरना: सीएम और आयुक्त के नाम सौंपा संघ ने ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में किसानों ने शुक्रवार को पीपल चौक पर धरना प्रदर्शन कर अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर आवाज़ उठाई। प्रदर्शन के दौरान भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों ने डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने मुख्यमंत्री और आयुक्त के नाम दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में किसानों से जुड़ी 14 प्रमुख मांगें शामिल थीं, जबकि आयुक्त के नाम ज्ञापन में 12 मांगें दर्ज थीं।

### मुख्य चिंता: समर्थन मूल्य न बढ़ना

किसानों का सबसे बड़ा मुद्दा चुनाव के दौरान की गई घोषणाओं के अनुसार धान और गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने का है। धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल होना था। गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 प्रति क्विंटल होना था। लेकिन इनकी कीमतें अभी तक घोषणा अनुसार नहीं बढ़ाई गई हैं, जिससे किसान सीधे आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। संगठन के अध्यक्ष ओमकार सिंह व प्रवक्ता शिव मोहन सिंह ने बताया कि किसानों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा ।



#### आयुक्त के नाम ज्ञापन की मुख्य मांगें

समर्थन मूल्य के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए अंतिम तिथि 20 मार्च की जाए। नहरों से अतिक्रमण हटाया जाए। नर्मदापुरम से रायपुर जाने वाली अधूरी सड़क का पूर्ण निर्माण किया जाए। डोलरिया के 34 किसानों की निजी भूमि को शासकीय भूमि घोषित किए जाने का मामला तुरंत सुलझाया जाए। जिले में प्रति 100 एकड़ जमीन पर पराली प्रबंधन के लिए 4 बेलर मशीनों पर अधिकतम अनुदान दिया जाए। इसके अलावा भी किसानों ने कई अन्य कृषि एवं स्थानीय विकास से जुड़ी मांगें उठाई हैं। किसान संघ का कहना है कि यदि इन मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो किसान संगठित होकर आगे भी आवाज़ उठाते रहेंगे। इसके अलावा और भी मांगे शामिल है।

### अखंड निराहारी संत श्री दादा गुरु का नगर में हुआ आगमन



**नर्मदापुरम।** मां नर्मदा तट बांद्राभान स्थित दिवस बसेरा में अखंड निराहार सिद्ध महायोगी दादा गुरु की नर्मदा परिक्रमा का आगमन हुआ। जहां पर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुगणों द्वारा गाजे बाजे और पुष्पवर्षा के साथ दादा गुरू और संत, महात्मा और परिक्रमावासियों की अगवानी की गई। इस दौरान समूचा नगर धर्ममय हो गया। श्री दादा गुरू के स्वागत के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा पड़ा। दिवस बसेरा में परिक्रमावासियों द्वारा विशाल भंडारा ग्रहण किया गया। दो घंटे विश्राम के बाद श्री दादा गुरू नगर भ्रमण करते हुए साहू धर्मशाला स्थित दादा कुटी पहुंचे।

### शिवपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, चोरी की पल्सर सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी मालवा।** थाना शिवपुर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार फरियादी राजेंद्र यदुवंशी की शिकायत पर दर्ज मामले की जांच के दौरान सूचना तंत्र और मुखबिरों की मदद से आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली। बरामद मोटरसाइकिल की कीमत लगभग 90 हजार रुपये बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राजेंद्र यदुवंशी ने 26 फरवरी को थाना शिवपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि 23-24 फरवरी की दरम्यानी रात उनके घर के आंगन से पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 12 जेडए 6625 अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। शिकायत के आधार पर थाना शिवपुर में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान पुलिस ने सूचना तंत्र एवं मुखबिरों को सक्रिय किया। इसी दौरान 27 फरवरी को सूचना मिली कि बिसोनी कला बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति चोरी गई मोटरसाइकिल से मिलती-जुलती बाइक लेकर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदेही व्यक्ति को रोका गया। पुलिस पूछताछ में संदेही ने स्वीकार किया कि उक्त मोटरसाइकिल उसने 23-24 फरवरी की रात भेसादेह क्षेत्र से चोरी की थी। पुलिस ने मौके से संदेही आनंद उइके पिता मुकेश उइके निवासी नंदरवाड़ा के कब्जे से बाईक जब्त की है।

## प्राकृतिक फूलों से बने रंगों की बढ़ी डिमांड, बचपन की देहरी पर दिखी फागुन की बयार..

# रंग और उल्लास के पर्व की धूम, कला से दिया पर्यावरण संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रंगों और उल्लास का पर्व होली जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे तैयारियां तेज हो गई है। बदलती सोच और बढ़ती जागरूकता के बीच अब लोग केमिकल से युक्त रंगों से दूरी बना रहे है। इनके स्थान पर हर्बर रंगों का उपयोग हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण और त्वचा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक रंगों का चलन बढ़ गया है। शहर में कई स्थानों पर हर्बल रंगों की ब्रिकी जा रही है। वहीं वन विभाग और एसटीआर में होली के विध्य हर्बल रंग बेंचे जा रहा है जो प्राकृतिक फूलों से तैयार हुए है।



### फूलों की खुशबू और गुलाल की भोर

रंगों का कोई धर्म नहीं होता, और खुशबू की कोई सरहद। इन्हीं पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए इटारसी के बचपन ए प्ले स्कूल और एएचपीएस के आंगन में होली का एक ऐसा मंजर दिखा, जहां रंगों से ज्यादा आत्मीयता और पानी से ज्यादा प्रेम बरस रहा था। यहां होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि मासूमों को प्रकृति और परंपरा से जोडऩे का एक इको-फ्रेन्डली सबक बन गई। जब नन्हे-मुन्ने चार्विक साहू और हरलीन राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे, तो लगा मानो द्वापर की लठमार होली अपनी सारी उग्रता त्याग कर पुष्प-होली में तब्दील हो गई है। स्कूल संचालक दीपक दुगाया के मार्गदर्शन में बच्चों ने राधा-कृष्ण की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उत्सव का आगाज किया।

हवा में जब फूलों की पंखुड़ियां उड़ीं, तो लगा कि कुदरत खुद इन बच्चों के साथ खिलखिला रही है। होली के हुड़दंग में अक्सर हम 'जल ही जीवन है का फलसफा भूल जाते हैं। लेकिन यहां कहानी अलग थी। स्कूल हेड मंजू ठाकुर ने बताया कि बच्चों को ऑडियो-विजुअल और पपेट शो के जरिए यह समझाया कि सूखी होली खेलकर भी खुशियों के रंग उतने ही गहरे हो सकते हैं।

### बेहद खूबसूरत तस्वीर तैयार की



होली के त्योहार पर पेड़ों की कटाई और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए नर्मदापुरम के ग्राम सुपरली के एक जागरूक नागरिक योगेंद्रपाल सिंह सोलंकी ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने विभिन्न प्रकार के अनाजों का उपयोग करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर तैयार की है।

### कला के जरिए पर्यावरण का संदेश

योगेंद्रपाल सिंह सोलंकी पिछले 25 वर्षों से जैविक होली और पर्यावरण संरक्षण का अभियान चला रहे हैं। उन्होंने अपनी इस नवीनतम कलाकृति के माध्यम से समाज को एक गहरा संदेश देने की कोशिश की है। उनके अनुसार, यह तस्वीर केवल एक कला नहीं, बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री और पर्यावरण मंत्री की ओर से देशवासियों को एक अपील है कि पेड़ों को मत काटो, जैविक होली की ओर चलो। होली पर वृक्षों का महा-विनाश एक गंभीर पहेली।

# कन्या शिक्षा परिसर को मिला 2 करोड़ का ऑडिटोरियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विधानसभा के बजट सत्र में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने क्षेत्र के शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास को गति देते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। डॉ. सीतासरन शर्मा ने जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह से पवारखेड़ा स्थित कन्या शिक्षा परिसर में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए राशि की मांग की थी।

विधायक के आग्रह और आवश्यकता को देखते हुए मंत्री कुंवर विजय शाह ने सदन में 2 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है। छात्राओं के शैक्षणिक के साथ-साथ सर्वांगीण सांस्कृतिक विकास के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस ऑडिटोरियम का निर्माण के लिए 2 करोड़ की राशि शासन द्वारा स्वीकृत होने से क्षेत्र की छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए एक व्यवस्थित मंच प्राप्त होगा।



## खबर संक्षेप

### अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**बैतूल।** प्रदेश के नागरिकों को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा प्रदान करने एवं शासन के राजस्व के दृष्टिगत मार्च माह में सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। इस संबंध में महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, मध्यप्रदेश द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार मार्च 2026 में होली के अवकाश को छोडक़र सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों (प्रत्येक शनिवार एवं रविवार सहित) में जिला पंजीयक, जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय शासकीय एवं पंजीयन कार्य के लिए खुले रहेंगे। महानिरीक्षक पंजीयन ने सभी परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक पंजीयन को निर्देश दिए हैं कि वे अपने परिक्षेत्र के अंतर्गत सभी पंजीयन कार्यालयों को अवकाश दिवसों में भी संचालित होना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को असुविधा न हो।

### युवती के गायब होने पर परिजन चिंतित, अपहरण की जताई आशंका

**बैतूल।** शाहपुर तहसील अंतर्गत मोतीढाना क्षेत्र से एक 23 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। मामले में युवती की मां ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर पुत्री की शीघ्र तलाश की मांग की है। आवेदन के अनुसार आवेदिका ने बताया कि उनकी 23 वर्षीय पुत्री विगत 22 दिसंबर को सुबह लगभग 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच घर से बिना बताए कहीं चली गई, जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटी है। परिजनों द्वारा अपने स्तर पर तलाश किए जाने के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि उन्हें आशंका है कि उनकी पुत्री किसी युवक के संपर्क में थी और संभवतः उसी के साथ गई हो सकती है। हालांकि इस संबंध में पुलिस द्वारा किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। परिजनों ने युवती की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए मामले की गंभीरता से जांच किए जाने का अनुरोध किया है। आवेदिका के अनुसार इस संबंध में थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। आवेदिका का कहना है कि पति के निधन के बाद वह अकेले परिवार का दायित्व संभाल रही हैं और घटना के बाद से मानसिक रूप से व्यथित हैं। आवेदिका ने एसपी से मामले में शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने निवेदन किया है कि उनकी लापता पुत्री की तलाश के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

### लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड एवं निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड एवं जिला स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में उद्योग स्थापना एवं संचालन के दौरान आने वाली कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा औद्योगिक इकाइयों के संधारण शुल्क संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एमएसएमई उद्योगों के संवर्धन हेतु जिले में उपलब्ध लैंड बैंक तथा उसके विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने जिले में इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव आयोजित करने का सुझाव भी प्रस्तुत किया। बैठक में डिस्ट्रिक्ट बिजनेस रिफॉर्म प्लान की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना, विकसित भारत योजना तथा नेशनल अप्रेंटिसशिप स्कीम के औद्योगिक इकाइयों के सहयोग से प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। जिले में निर्यात गतिविधियों से संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग को औद्योगिक क्षेत्र कोसमी के लिए एप्रोच रोड निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र श्रीमती तृप्ति पाटिल, अध्यक्ष जिला औद्योगिक संघ, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती तथा विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आरोपी पिता ने हवालात में किया आत्महत्या का प्रयास

# 10 वर्षीय बेटी के साथ कलयुगी पिता करता था दुष्कर्म, हुआ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुलताई थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 10 वर्षीय नाबालिग बालिका ने अपने ही पिता पर लंबे समय से अनुचित कृत्य (दुष्कर्म) करने, डराने धमकाने एवं जान से खत्म करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है। शिकायत के बाद पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पिता ने पुलिस लॉकअप में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। आरोपी की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे बैतूल जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे एम्स भोपाल रेफर किए जाने की तैयारी की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक 26 फरवरी को डायल 112 पर नाबालिग बालिका की मां ने सूचना दी गई कि उसके पति द्वारा उसकी 10 वर्षीय बेटी को कमरे में बंद कर दुष्कर्म किया जा रहा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए डायल 112 तत्काल मौके पर पहुंची और कमरे को खुलवाकर पीड़िता को पिता से चंगुल से मुक्त कराया और आरोपी को मुलताई थाना लेकर आए। डायल 112 के साथ ही नाबालिग बालिका अपनी माता के साथ थाना मुलताई आई और रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 65(2), 64(2)(एफ), 64(2)(एम), 351(3) भारतीय न्याय संहिता एवं 5(एल)/6, 5(एम)/6, 5(एन)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### डरा-धमकाकर करता था अनुचित कृत्य

नाबालिग बालिका ने बताया कि उसके पिता द्वारा जब-जब उसकी मां घर पर नहीं होती थी, तब-तब लंबे समय से उसके साथ अनुचित कृत्य किया जा रहा है तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती था। नाबालिग द्वारा पूर्व में अपनी मां से पिता के द्वारा किए गए अनुचित कृत्य की जानकारी देने पर आरोपी द्वारा उसकी मां को भी कई बार मारा-पीटा गया एवं धमकाया गया। नाबालिग बालिका ने पिता पर लंबे समय से दुष्कर्म करने एवं बताने पर डराने-धमकाने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। जिसकी शिकायत नाबालिग बालिका ने थाने में दर्ज कराई है।

### मां ने डायल 112 से ली मदद

कलयुगी पिता द्वारा दरवाज़ा न खोलने पर पीड़िता की मां ने डायल 112 पर फोन कर उक्त संबंध में जानकारी दी। बताया जा रहा है कि 26 फरवरी को भी आरोपी द्वारा नाबालिग के साथ शाम 3-4 बजे के बीच उसके पुराने घर में ले जाकर दुष्कृत्य किया एवं आरोपी के सोने पर नाबालिग घर वापस आ गई। आरोपी सोकर उठा तो नाबालिग को फिर से पुराने घर में बंद कर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा, जिससे नाबालिका रोने लगी। उसी समय नाबालिग की मां घर पर पहुंची, तो उसने बच्ची को रोता देखकर दरवाजा खटखटाया एवं उसकी बेटी को छोडऩे को कहा। आरोपी द्वारा दरवाज़ा न खोलने पर पीड़िता की मां द्वारा डायल 112 पर फोन कर सूचना दी गई।

### हवालात में किया आत्महत्या का प्रयास

बताया जा रहा है कि हिरासत में लेने के बाद मुलताई पुलिस ने आरोपी को थाने के लॉकअप में बंद कर दिया था। उसे पुलिस न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही थी और मुलताई के एसडीओपी ए.के. सिंह तथा टीआई नरेंद्र सिंह परिहार के पेशी पर जाने के कारण उनके अधीनस्थ स्टाफ द्वारा पूरी कार्रवाई करके न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही थी, इसी बीच लॉकअप में रखी कंबल को फाड कर उसका फंदा बना कर आरोपी ने आत्महत्या करने की कोशिश की। आरोपी की हालत गंभीर होने पर उसे बैतूल जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, फंदे के कारण आरोपी को सांस लेने में गंभीर दिक्कत हो रही है, जिसके चलते उसे इंक्यूबेट (वेंटिलेटर सपोर्ट) दिया गया है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। उसे जरूरत पडऩे पर पुलिस द्वारा भोपाल एम्स रेफर करने की तैयारी की जा रही है। घटना के बाद से बैतूल जिला अस्पताल में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस अधिकारी इस मामले में ज्यादा कुछ बोलने से बच रहे हैं। पुलिस इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पीड़िता की पहचान गोपनीय रखकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### अस्पताल में है भर्ती

पिता द्वारा अपनी ही बेटी के साथ दुराचार करने का मामला सामने आया है। आरोपी पिता को गिरफ्तार किया गया, उसने थाने के लॉकअप में कंबल को काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। आरोपी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भर्ती किया गया।

\- **वीरेंद्र जैन** पुलिस अधीक्षक बैतूल

### अज्ञात वाहन ने किसान को मारी टक्कर, मौत

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड? हादसे में 48 वर्षीय किसान की मौत हो गई। महदगांव निवासी किसान अपनी मोटरसाइकिल से गुटखा लेने जा रहे थे, तभी रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक बाबूराव आनंदराव (48 वर्ष) कोतवाली थाना क्षेत्र के महदगांव के रहने वाले थे और पेशे से किसान थे। गुरुवार शाम वह अपनी मोटरसाइकिल से गुटखा लेने के लिए पास के डहरगांव की ओर जा रहे थे। डहरगांव जाते समय रास्ते में किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस अचानक हुए हादसे में किसान बाबूराव गंभीर रूप से घायल हो गए और सड? पर गिर पड़े। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें गंभीर हालत में बैतूल के जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन चोटें ज्यादा होने के कारण उपचार के दौरान ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने तुरंत मर्ग कायम कर पंचनामा तैयार किया। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश के साथ-साथ मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जिम्मेदार बने अनजान

# कृषि उपज मंडी के बाहर लगा जाम, वाहन चालक हुए परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बडोरा क्षेत्र की कृषि उपज मंडी के पास शुक्रवार को एक बार फिर भारी ट्रैफिक जाम लग गया। बैतूल-मुलताई-आठनेर मार्ग पर उपज लेकर आने वाले ट्रैक्टरों और मालवाहक वाहनों की लंबी कतारें लगने से सामान्य यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यह समस्या मंडी खुलने के समय अक्सर देखने को मिलती है। ट्रैक्टरों और मालवाहक वाहनों की कतारें मंडी के भीतर से निकलकर मुख्य मार्ग तक पहुंच जाती हैं। इसके कारण आम परिवहन वाहन और राहगीर जाम में फंस जाते हैं। त्यौहारी सीजन या छुट्टियों के बाद जब मंडी खुलती है, तो जाम की यह स्थिति और भी गंभीर रूप ले लेती है। दरअसल, बडोरा स्थित इस मंडी का प्रवेश मार्ग सीधे मुख्य सडक़ से जुड़ा हुआ है। इसके चलते यहां वाहनों का भारी दबाव बढ़ जाता है। मंडी के भीतर भी पार्किंग या वाहन खड़े करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। इस वजह से उपज लेकर आने वाले वाहन एक-एक कर बाहर सडक़ों पर ही खड़े हो जाते हैं, जिससे आम जनता और स्थानीय वाहन चालकों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### 7 करोड़ की लागत से बनेगी नई सडक़

ट्रॉफिक की इस गंभीर समस्या को देखते हुए हाल ही में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने नई सडक़ निर्माण के लिए लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत की स्वीकृति दिलवाई है। यह नई सडक़ मंडी के पिछले हिस्से से निकाली जाएगी, जो सीधे हाईवे से जाकर जुड़ेगी। इस परियोजना के पूरा होने से वर्तमान सडक़ पर ट्रैफिक का दबाव काफी कम होने और लोगों को जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

# पाथाखेड़ा में हुआ संकल्प से समाधान अभियान का शिविर



**सारनी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत शुक्रवार 27 फरवरी को वार्ड 18 एवं 19 के लिए उप नगर पालिका कार्यालय पाथाखेडा में शिविर का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ आम लोगों को देने के लिए 16 फरवरी से 15 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को वार्ड 18 एवं 19 के लिए शिविर का क्षेत्रीय उप नगर पालिका कार्यालय पाथाखेडा प्रांगण में आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद मो. ताहिर अंसारी, जफर अंसारी, शिविर प्रभारी जीएस पांडे, आंगनबाडी कार्यकर्ता, अन्य नागरिक उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के आवेदन आए। इनका समय सीमा में निराकरण किया जाएगा।

## 1832 लोगों ने लिया देहदान का संकल्प

# आश्रम में 268 यूनिट रक्तदान 30 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

संत रामपाल महाराज के सानिध्य में सतलोक आश्रम उड़दन में महा विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महाविशाल समागम में लाखों की तादाद में भक्तगण आकर भंडारा प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं।

शुक्रवार को कार्यक्रम के दूसरे दिन संत गरीबदास महाराज के बोध दिवस के उपलक्ष्य में 26 से 28 फरवरी तक महा विशाल समागम मनाया जा रहा है, जिसमें 3 दिवसीय महा विशाल भंडारा व संत गरीबदास महाराज की अमृतमय वाणी का अखंड पाठ आयोजित किया गया है, साथ ही अन्य कार्यक्रम जैसे रक्त दान शिविर, देहदान शिविर, दहेज मुक्त विवाह का आयोजन किया गया। इस बार 30 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ जो महज़ 17 मिनट में ही गुरुवाणी के माध्यम से संपन्न हुआ। रक्तदान-महादान में सैकड़ों अनुयायियों ने भाग लिया और बैतूल जिला चिकित्सालय की टीम को 268 यूनिट रक्तदान किया गया। इस समागम में प्रेरणादाई प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

इस प्रदर्शनी के माध्यम से संत गरीबदास महाराज के जीवन के बारे में बताया। सतलोक आश्रम में लाखों की तादाद में श्रद्धालु भंडारा लेने के लिए पहुंच रहे हैं। सतलोक आश्रम में कई राज्यों से संगत आ रही है भीड़ भाड़ में किसी को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए भी पूरी व्यवस्था की गई है। भंडारे में शुद्ध देशी घी से निर्मित मिष्ठान सब्जी,पुड़ी, दाल,चावल, सलाद चौबीसों घंटे लगातार वितरित किया जा रहा है। संत रामपाल महाराज जी द्वारा दिए गए तत्वज्ञान से प्रभावित होकर 3861 लोगो ने निःशुल्क नामदीक्षा ग्रहण की साथ ही संत रामपाल जी महाराज द्वारा चलाए जा रहे समाज सुधार के कार्यों में योगदान देते हुए 1832 अनुयायियों द्वारा देहदान के संकल्प फॉर्म भरें हैं। श्रद्धालु मुक्त कंठ से आयोजन कि प्रशंसा कर रहें हैं और भंडारे में लाखों की तादाद में लोग आ रहे हैं।

## उपकरणों का किया प्रदर्शन

# नपा कार्यालय में आपात स्थिति से बचने दिया फायर सेफ्टी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

नगर पालिका कार्यालय में शुक्रवार को सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान के तहत आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए अग्निशमन यंत्रों का प्राथमिक उपयोग प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर इनका प्रदर्शन भी किया गया।

सतपुडा ताप विद्युत गृह के डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान के नगर पालिका क्षेत्र के कार्यालयीन कार्मिको एव विद्यालय में अध्यनरत समस्त छात्र-छात्राओं हेतु प्राथमिक अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण एवं खतरनाक केमिकल (क्लोरिन) से बचाव के सबंध में फायर सेफ्टी इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सतपुडा प्लाट के मुख्य अभियंता (उत्पादन) के निर्देशों के परिपालन में अग्निशमन सेवा एवं संरक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक अग्नि सुरक्षा एवं सेफ्टी इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, वाहन शाखा प्रभारी केके भावसार, सतपुडा प्लाट के उप अग्निशमन अधिकारी हरिराम रघुवंशी, लीडिंग फायर मैन राहुल सालोडे, तकनीकी विशेषज्ञ (फायर) अजय डागी, महेंद्र, गोकुल नपा की ओर से हरिओम कुशवाहा, समेत अन्य लोगों की उपस्थिति में प्रदर्शन किया। सतपुडा प्लांट एवं नपा के फायर फाइटिंग विभागों द्वारा संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर को नगरपालिका कार्यालय सारनी के समस्त कर्मचारियों को प्राथमिक अग्नि सुरक्षा एवं सेफ्टी का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें प्राथमिक अग्निशमन यत्रों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# जनसंघ के कार्यकर्ता केशव नारायण मिश्रा का घर पहुंचकर किया सम्मान

## पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने रजत पत्र, शॉल-श्रीफल भेंट कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



संगठन की जड़ों को सींचने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान का सिलसिला जारी है। धीरज पाटेरिया पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा, माता मोहल्ला स्थित मिश्रा निवास पहुंचे और जनसंघ काल से सक्रिय वरिष्ठ कार्यकर्ता केशव नारायण मिश्रा का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर पं. पाटेरिया ने श्री मिश्रा को रजत पत्र भेंट करते हुए शॉल एवं श्रीफल प्रदान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। आत्मीय वातावरण में आयोजित इस सम्मान समारोह में संगठन के पुराने संघर्षपूर्ण दिनों की स्मृतियां भी साझा की गईं। पं. पाटेरिया ने कहा कि आज भाजपा जिस वैभव शिखर पर खड़ी है, उसकी वास्तविक शक्ति वे तपस्वी कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन को मजबूती प्रदान की।अटल बिहारी वाजपेयी जैसे शीर्ष नेतृत्व के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले इन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की तपस्या, त्याग और संघर्ष ही संगठन की आधारशिला है। संगठन अपने मूल्यों और सिद्धांतों पर इसलिए अडिग है क्योंकि केशव नारायण मिश्रा जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं ने इसे अपने श्रम और समर्पण से सींचा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के घर-घर जाकर उनका सम्मान किया जा रहा है, ताकि उनके अनुभवों और संघर्ष की गाथा को सहेजा जा सके तथा नई पीढ़ी को प्रेरणा मिल सके। पं. पाटेरिया ने उल्लेख किया कि श्री मिश्रा ने संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन समर्पित कार्यकर्ता के रूप में किया है, जिसके लिए उन्हें अटल कार्यकर्ता सम्मान से अलंकृत किया गया। सम्मान के उपरांत केशव नारायण मिश्रा ने भावुक शब्दों में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जनसंघ के समय संसाधन सीमित थे, लेकिन कार्यकर्ताओं का उत्साह और राष्ट्रसेवा का संकल्प अटूट था। हमने संगठन को परिवार मानकर काम किया। उस दौर में पद की अपेक्षा विचार और राष्ट्रहित सर्वोपरि थे। आज संगठन को इस ऊंचाई पर देखकर संतोष और गर्व दोनों की अनुभूति होती है। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे संगठन की मूल विचारधारा, अनुशासन और सेवा भाव को आत्मसात करें। संघर्ष के दिनों की स्मृतियां ही हमें मजबूती देती हैं। यदि कार्यकर्ता समर्पण और सिद्धांतों पर अडिग रहें, तो संगठन निरंतर प्रगति करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

## क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन कार्य शेष शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

# एफएचटीसी कार्यों में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई, ठेकेदारों को नोटिस

### शेष एफएचटीसी में एसडीओ पीएचई, सब इंजीनियर और जनपद सीईओ को भी नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) की समीक्षा बैठक में नल-जल योजनाओं में एफएचटीसी कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि विद्युत कार्य, सोर्स समस्या, पाइपलाइन के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करा घरेलू नल कनेक्शन को क्रियाशील कराए। उन्होंने स्पष्ट हिदायत दी कि एफएचटीसी (क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन) के कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण नहीं होने पर संबंधित एसडीओ, सब इंजीनियर, जनपद सीईओ एवं ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने ग्राम वार एफएचटीसी प्रगति की समीक्षा की। बैतूल जनपद में घरेलू नल कनेक्शनों को क्रियाशील बनाने में संतोषजनक प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने एसडीओ पीएचई एवं जनपद सीईओ बैतूल के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने उप महाप्रबंधक एमपीईबी को भी निर्देशित किया कि विभागीय समन्वय से घरेलू नल कनेक्शनों से संबंधित विद्युत कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं, ताकि कनेक्शन जल्द चालू हो सकें। एमपीईबी से इस संबंध में स्पष्टीकरण लेने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को निर्देश दिए कि एफएचटीसी के शेष कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों को जनहित की योजना में उदासीनता बरतने पर सख्त नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने हिदायत दी कि लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यपालन यंत्री को अप्रसन्नता पत्र देने के निर्देश

जिले के विभिन्न ब्लॉकों में जहां केवल एक-दो नल कनेक्शन ही चालू हैं, वहां शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए संबंधित एसडीओ पीएचई, उपयंत्री एवं जनपद सीईओ को नोटिस जारी करने तथा कार्यपालन यंत्री को अप्रसन्नता पत्र देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने एफएचटीसी कार्य पूर्ण कर नल-जल योजनाओं का हैंडओवर तथा हर घर जल प्रमाणन की कार्रवाई शीघ्र करने को कहा। समीक्षा के दौरान घोड़ाडोंगरी जनपद के ग्राम छुरी में जूनियर इंजीनियर एमपीईबी की लापरवाही के कारण छह माह से कार्य लंबित पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। शाहपुर जनपद के ग्राम देशावाड़ी की नल-जल योजना का जनपद सीईओ के साथ संयुक्त भ्रमण कर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए।

### 10 दिन का वेतन काटने के निर्देश

बैठक में सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र के ठेकेदारों की नियमित मॉनिटरिंग कर कार्यों को गति दें। जनपद सीईओ आमला द्वारा सब इंजीनियर की अनुपस्थिति की शिकायत पर कलेक्टर ने उसका 10 दिन का वेतन काटने तथा सप्ताह में दो दिन आमला मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने आगामी ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए क्रिटिकल ग्रामों के चिन्हांकन एवं पेयजल प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

## नर्मदापुरम में राजस्व अधिकारियों ने समीक्षा बैठक की

# राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश, कर वसूली में तेजी लाने पर जोर

**कलेक्टर ने निर्देश दिए कि चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक राजस्व वसूली में उल्लेखनीय प्रगति लाए। सूचीबद्ध प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर यह सुनिश्चित किया जाए कि गत वर्ष की तुलना में राजस्व वसूली कम न रहे।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राजस्व वसूली, आरसीएमएस पोर्टल पर मामलों का डिस्पोजल सहित कानून एवं शांति व्यवस्था उपार्जन एवं अन्य प्रकरणों की समीक्षा सोमवार को कलेक्टर ने सोनिया मीना की। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में समस्त एसडीएम, तहसीलदारों एवं राजस्व अधिकारियों को विभिन्न लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं लक्ष्य निर्धारित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अनुविभागीय अधिकारी पटवारियों की फील्ड में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा नजूल प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। नजूल लीज नवीनीकरण के मामलों के शीघ्र डिस्पोजल के लिए भी व्यवस्थित योजना बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### कर वसूली में गति लाएं

कलेक्टर ने चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक राजस्व वसूली में उल्लेखनीय प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि सूचीबद्ध प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए जाएं तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि गत वर्ष की तुलना में राजस्व वसूली कम न हो। सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने लक्ष्य निर्धारित कर वसूली में गति लाएं। स्वामित्व योजना के तहत सभी कार्य वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सभी एसडीएम को रिव्यू कर रीड्रोन फ्लाई हेतु अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय को अवगत कराने को कहा गया। फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने, नियमित समीक्षा एवं विश्लेषण करने के निर्देश भी दिए गए। विस्थापित ग्रामों में भू-अधिकार पत्र एवं ऋण पुस्तिका वितरण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा शेष तहसीलों में गिरदावरी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### लापरवाही पाए जाने पर पेनल्टी

सीएम हेल्पलाइन में राजस्व विभाग की रैंकिंग एवं ग्रेडिंग पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर सभी शिकायतों का नियमित फॉलोअप लेकर अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की जाए और समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत समय-सीमा से बाहर प्रकरणों की विशेष समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी तथा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर पेनल्टी अधिरोपित की जाएगी। भू-अर्जन प्रकरणों में समन्वय विभागों को पत्राचार कर आ रही समस्याओं का निराकरण करने तथा साप्ताहिक समीक्षा के माध्यम से लंबित मामलों का डिस्पोजल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। हिट एंड रन प्रकरणों में शीघ्र जांच कर समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा पीड़ितों को आर्थिक सहायता में विलंब न हो, यह सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर ने अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में सख्ती से कार्यवाही कर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। उन्होंने समस्त अनुविभागो में नरवाई प्रबंधन हेतु समग्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।

मशीनों की उपलब्धता, खेत पाठशाला तथा कृषि नरवाई प्रबंधन के विकल्प का पर्याप्त रूप से प्रचार प्रसार किए जाने के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर ने आगामी गेहूं उपार्जन को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं एवं आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी एसडीएम एवं संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए। ध्वनि प्रदूषण संबंधी शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा डीजे संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश जारी करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

# सिविल कोर्ट चौराहे पर जनता व व्यापारियों ने की सुलभ शौचालय निर्माण की मांग

## नागरिक संघर्ष समिति सोहागपुर भी ले चुकी है बैठक में मांग का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर के सर्वाधिक व्यस्ततम क्षेत्र में शामिल सिविल कोर्ट चौराहे के व्यापारियों तथा जनता ने नगर परिषद से मांग की है कि चौराहे के आसपास सुलभ शौचालय बनाया जाए। क्षेत्रीय व्यापारी लंबे समय से शौचालय निर्माण की मांग कर रहे हैं।

क्षेत्र के व्यापारियों प्रदीप भावसार, दीपक साहू, रानू परसाई, रज्जू चौरसिया, नीलेश साहू आदि ने कहा कि चौराहे पर के आसपास कुछ राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों सहित न्यायालय है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों ग्राहक एवं पक्षकार आते हैं। वहीं बसों का स्टापेज भी यहां होता है। जिसके चलते दिन भर सैकड़ों यात्रियों का आना-जाना होता है। लेकिन एक भी सुलभ शौचालय नहीं होने के कारण व्यापारियों सहित यात्रियों, ग्राहकों व आमजनों को बहुत अधिक परेशानी होती है। खासकर महिलाओं को शौचालय नहीं होने के कारण बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतः सिविल कोर्ट चौराहा क्षेत्र में सुलभ शौचालय बनाया जाए। नागरिकों ने हरिभूमि संवाददाता से चर्चा में कहा कि गौतम वार्ड में एक बड़ा नाला है, जिसके समीप काफी शासकीय भूमि रिक्त है। यदि उक्त नाले के समीप शौचालय बनाया जाता है तो पानी की निकासी भी आसानी से होगी तथा आबादी क्षेत्र भी कुछ मीटर दूर होने के कारण रहवासियों को भी बदबू जैसी परेशानी नहीं होगी। देखना होगा कि व्यापारियों व आमजनों की वर्षों पुरानी इस मांग पर नगर परिषद क्या कदम उठाती है।

### मांगपत्र सौंपेंगे

व्यापारियों ने कहा कि कई बार उक्त मांग के संबंध में स्थानीय प्रशासन एवं नगर निकाय को मांग पत्र सौंप जा चुके हैं। अब पुनः क्षेत्र के सभी व्यापारी एकत्र होकर सोहागपुर व्यापारी संघ के साथ प्रशासनिक अधिकारियों से भेंटकर मांग पत्र सौंपेंगे। ताकि इस मांग की पूर्ति शीघ्र हो सके। उल्लेखनीय है कि उक्त चौराहा के आसपास कुछ राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंक हैं। वहीं चौराहे से कुछ मीटर की दूरी पर न्यायालय भी स्थित है। इसके अलावा तीन बड़े व्यवसायिक परिसर भी चौराहे पर हैं, जिनमें लगभग एक सैकड़ा दुकानें संचालित की जाती हैं। सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल ने कहा कि सिविल कोर्ट चौराहे सहित मुख्य बाजार में भी सुलभ शौचालय निर्माण की मांग की पूर्ति की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के साथ वे इसके लिये अधिकारियों से भेंट करेंगे।

### समिति ने प्रस्ताव लिया

उल्लेखनीय है की गत दिनों सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति की एक बैठक स्थानीय काली मंदिर में हुई थी। बैठक में संघर्ष समिति ने क्षेत्र के विकास के लिए कुछ मांगों के प्रस्ताव लिए हैं। उन मांगों में सिविल कोर्ट चौराहे पर सुलभ शौचालय निर्माण की मांग का भी प्रस्ताव लिया गया है। नागरिक संघर्ष समिति संयोजक अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने बताया कि वर्षों से लंबित इस मांग की पूर्ति जनहित में नगर निकाय एवं स्थानीय प्रशासन को करनी चाहिए। ताकि नागरिकों एक बड़ी समस्या का समाधान हो सके।

### प्रयास जारी हैं

कोर्ट चौराहे पर शौचालय निर्माण के प्रयास जारी हैं। शीघ्र ही व्यापारी बंधुओ की मांग पूर्ण की जाएगी।

**लता यशवंत पटेल**, अध्यक्ष नगर परिषद सोहागपुर

# जर्जर स्कूल और अवैध शराब के खिलाफ आदिवासी युवा संघ ने मोर्चा खोला

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्यप्रदेश आदिवासी युवा संघ ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय इटारसी में अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। संघ ने आदिवासी ब्लॉक केसला के स्कूलों की बदहाली और गांव-गांव में बिक रही अवैध शराब पर कड़ा विरोध जताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

इस प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के प्रदेश एवं जिला स्तर के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से आकाश कुशराम प्रदेश अध्यक्ष, विजय कांवरे जनपद सदस्य, विनोद वड़ीवा प्रदेश प्रवक्ता, गुरू भल्लावी संगठन मंत्री, राघवेन्द्र उइके जिला अध्यक्ष नर्मदापुरम, जियालाल मर्सकोले समाजसेवी, देवराम धुर्वे जिला महामंत्री, बंटी भल्लावी जिला मीडिया प्रभारी, अर्जुन धुर्वे (तहसील प्रभारी), शिवलाल उइके तहसील कार्यकारिणी अध्यक्ष, सचिन प्रधान नगर अध्यक्ष, सुनील परते नगर कार्यकारिणी अध्यक्ष, अभिषेक तुमराम, विवेक युवने प्रवक्ता, शुभम साहू, विशाल तेकाम, आकाश एहके, संदीप तुमराम, दुर्गेश, दुलेश उइके, प्रदीप उइके, डोरीलाल चीचाम सरपंच, ओमप्रकाश नवरे, धनराज सरयाम, अजित वरकडे, अभिषेक धुर्वे, सतीश परते, राहुल कवरे, सुमित भाई, रोहन कुमरे, साहिल मालवीय मण्डल अध्यक्ष, अंकित मरस्कोले, राहुल मर्सकोले, रोशन धुर्वे, श्रीयंत वाडीवा आदि शामिल रहे।

### प्रमुख मांगें और समस्याएं

**जर्जर स्कूल भवन :** ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम खटामा के शासकीय प्राथमिक शाला की हालत अत्यंत जर्जर है। भवन सुरक्षित न होने के कारण बच्चे पिछले कई वर्षों से झोपडियों में बैठकर पढने को मजबूर हैं। संघ का कहना है कि पूर्व में सूचना देने के बावजूद अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है।

**अव्यवस्था का शिकार खोरीपुरा स्कूल:** ग्राम खोरीपुरा का प्राथमिक विद्यालय समय पर नहीं खुलता है। इसके अलावा, गांव की नालियों का पानी स्कूल ग्राउंड में भरने के कारण बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**अवैध शराब पर रोक:** संघ ने आरोप लगाया कि ग्राम टेमला, जमानी, तीखड़, टांगना, मातापुरा, पारछा और केसला ब्लॉक के अन्य गांवों में अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है, जिससे सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है।

# विधायक डॉ शर्मा ने विधानसभा में उठाई तकनीकी शिक्षकों और सहकारी समिति पीड़ितों की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्य प्रदेश विधानसभा के वर्तमान सत्र के दौरान नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने ध्यानाकर्षण सूचना और प्रश्नकाल के माध्यम से दो अलग-अलग महत्वपूर्ण विषयों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। डॉ. शर्मा ने नियम 138(1) के तहत ध्यानाकर्षण सूचना क्रमांक-406 के माध्यम से तकनीकी शिक्षा विभाग में पॉलीटेक्निक एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के अतिथि व्याख्याताओं की समस्याओं को उठाया। विधायक ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग में अतिथि विद्वानों को 12 माह का मानदेय और 50,000 रुपये प्रति माह दिया जा रहा है, जबकि तकनीकी शिक्षा विभाग में केवल 11 माह का मानदेय और 50,000 रुपये से कम राशि दी जा रही है? उन्होंने सदन को अवगत कराया कि महिला अतिथि विद्वानों को सवैतनिक अवकाश का लाभ भी नहीं मिल रहा है। तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने लिखित उत्तर में बताया कि वर्तमान में 2000 रुपए प्रति कार्य दिवस, अधिकतम 50,000 रुपए मानदेय दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि व्याख्याताओं को 12 माह की अवधि के लिए आमंत्रित करने और महिला व्याख्याताओं को प्रसूति सुविधा प्रदान करने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।

### परख में जमाकर्ताओं का पैसा डूबने का मुद्दा

डॉ. शर्मा ने इटारसी की परख साख सहकारी मर्यादित समिति पर नागरिकों की जमा राशि वापस न करने का गंभीर मामला उठाया। डॉ. शर्मा ने सहकारिता मंत्री से पूछा कि विगत वर्षों में कलेक्टर और विभाग को इस संबंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं और अब तक दोषियों के खिलाफ क्या दंडात्मक कार्रवाई की गई है। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि इस संबंध में कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जानकारी दी कि नर्मदापुरम में 22 अक्टूबर 2025 को विस्तृत जांच हेतु एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा द्वारा विधानसभा में उठाए गए इन दोनों मुद्दों से जहाँ एक ओर प्रदेश के हजारों तकनीकी शिक्षकों में न्याय की उम्मीद जगी है, वहीं नर्मदापुरम के उन निवेशकों को भी राहत मिलने की संभावना है जिनकी मेहनत की कमाई सहकारी समिति में फंसी हुई है।

## दोष सिद्ध होने पर 5 वर्ष का सश्रम कारावास

नर्मदापुरम। कोतवाली के धारा 64 एवं 69 बीएनएस शासन विरूद्ध प्रशांत कहार को सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम के न्यायालय में शुक्रवार को निर्णय पारित किया गया जिसमें आरोपी को धारा 69 बीएनएस. के अंतर्गत 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि अदायगी में व्यतिक्रम पर तीन माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताए जाने के आदेश दिए गए। प्रकरण अभियोजन की तरफ से पैरवी शैलेन्द्र कुमार गौर, लोक अभियोजक शासकीय अभिभाषक द्वारा की गई। दोषी हर बार अभियुक्त से शादी की बात टालता रहा। उसके बाद अभियोक्त्री के बार बार कहने पर अभियुक्त ने दिसम्बर में अभियोक्त्री से सगाई कर ली और अब शादी करने से इंकार कर रहा है। अभियोक्त्री द्वारा पुलिस थाना कोतवाली में घटना की रिपोर्ट दिनांक 31 मई 2025 को दर्ज कराई थी।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शहीद भगत सिंह कॉलेज पिपरिया में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव माहेश्वरी ने किया।

इस अवसर पर बताया गया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है। इसी दिन महान भारतीय वैज्ञानिक सी वी रमन द्वारा रमन प्रभाव की ऐतिहासिक खोज की घोषणा की गई थी, जिसके सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. राजीव माहेश्वरी ने कहा कि विज्ञान केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रयोग, जिज्ञासा, अनुसंधान और नवाचार की सतत प्रक्रिया है। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने और सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान में महिलाओं की भागीदारी विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. अंबिका सिंह ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह तीन दिवसीय कार्यक्रम है, जिसमें लगभग 160 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, नवाचार की भावना तथा अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करना है।कार्यक्रम का शुभारंभ रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने आसरा वृद्धाश्रम का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 व 2 श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय द्वारा प्राचार्य डॉ. कविता दुबे के निर्देशन में 27 किमी दूर आसरा वृद्धाश्रम का दौरा किया गया। स्वयंसेवकों ने 11 पुरुष व 14 महिलाओं से चर्चा कर फल-बिस्किट वितरित किए और जीवन-वृत्तांत की जानकारी ली। इसके बाद नर्मदा तवा नदी संगम पर स्वच्छता अभियान चलाकर पॉलिथीन मुक्त तीर्थ का संकल्प लिया। दलनायकों व स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। आश्रम संचालक ने आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय रेवा-सेवा भक्त मंडल ने किया गो भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



राष्ट्रीय रेवा सेवा भक्त मंडल द्वारा माखन नगर के हाई स्कूल मैदान में गो भंडारे का आयोजन किया गया। मंडल के सदस्यों ने मैदान में प्रतिदिन रहने वाले सैकड़ों गोवंश को भूसा-चारा खिलाकर सेवा की। नर्मदा भक्त बलराम पटेल ने बताया कि साथी बिहारी रघुवंशी की विवाह वर्षगांठ एवं एकादशी के पावन अवसर पर सेमरी हरचंद और माखन नगर में यह कार्यक्रम रखा गया। संगठन तीज-त्योहार, जन्मदिन और वर्षगांठ जैसे अवसरों पर भोज के बजाय गौसेवा को प्राथमिकता देता है। कार्यक्रम में शुभम मेहरा, उमेश गुर्जर, विनोद ठाकुर व हल्के अहिरवार सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। मंडल वर्षों से मां नर्मदा में बढ़ते प्रदूषण व अवैध उत्खनन के विरुद्ध जागरूकता अभियान भी चला रहा है।

## कोटरा अंडरब्रिज में जल भराव बना मुसीबत

# स्कूल जाने वाले बच्चों और ग्रामीणों की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा




ग्राम कोटरा में स्थित अंडरब्रिज इन दिनों ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या का कारण बना हुआ है। अंडरब्रिज में करीब चार फीट तक पानी भर जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है, जिससे खासकर स्कूली बच्चों और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

### जलभराव से बाधित आवागमन

अंडरब्रिज में लंबे समय से जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण लोगों को वैकल्पिक और लंबा रास्ता अपनाना पड़ रहा है। यह मार्ग गांव के सैकड़ों लोगों के आवागमन का प्रमुख रास्ता है, लेकिन पानी भर जाने से यहां से निकलना जोखिम भरा हो गया है। इन दिनों छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं चल रही हैं, ऐसे में अंडरब्रिज में भरे पानी के कारण कई बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। परिजन बड़ी कठिनाई और जोखिम उठाकर बच्चों को स्कूल तक पहुंचा रहे हैं, जिससे उनकी चिंता और परेशानी दोनों बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने जलभराव की समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लगातार जलभराव के कारण न केवल आवाजाही प्रभावित हो रही है बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अंडरब्रिज में शीघ्र जल निकासी की व्यवस्था करने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते उचित व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है, इसलिए संबंधित विभाग को जल्द हस्तक्षेप कर राहत प्रदान करनी चाहिए।

## श्रीमद भागवत कथा में उद्धव प्रसंग रुक्मणि कथा

# रास पंच अध्याय का वर्णन कर फूलों की होली खेली

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



ग्राम आमखेड़ी में श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर उद्धव प्रसंग एवं रुक्मणी मंगल का की कथा के साथ फूलों की होली मनाई गई कथा व्यास पंडित सदभव तिवारी ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं.उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कल्यवान का वध, उद्धव गोपी संवाद, ऊद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया। पंडित सदभव तिवारी जी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ।

उन्होंने कहा भगवान जीव को पहले अपने पास बुलाते हैं फिर उनकी परीक्षा लेते हैं फिर उनके साथ सदा के लिए निवास करते हैं महारास के प्रसंग को इसी भाव में वर्णन करते हुए उद्धव चरित्र का व्याख्यान किया एवं रुक्मणी मंगल का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। आज कथा में भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला मध्यप्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम होंगे

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर सेमिरिटन्स परिसर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उददेश्य से म.प्र. विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिसर भोपाल एवं नर्मदांचल संस्था नर्मदापुरम के द्वारा कार्यक्रम होंगे। हर वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस दिन सी.वी. रमन ने अपनी खोज में घोषणा की थी इसी खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया । राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बनाने का उद्देश्य संदेशों को लोगों के बीच फैलाना, मानव कल्याण के लिए गतिविधियों प्रयासों उपलब्धियों को प्रदर्शित करना है।


## कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर जिला नर्मदापुरम् (म.प्र.)

दूरभाष (07575)-278264 Email : cmosohagpur@mpurban.gov.in
क्रमांक/355/लो.नि.वि./ऑफलाईन-टेण्डर्स/2026 सोहागपुर, दिनांक 27/02/2026

// ऑफलाईन निविदा आमंत्रण //

नगर परिषद द्वारा निम्न कार्य हेतु आफलाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य अनुमानित | अमानत राशि | ऑफ लाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा क्रय की अंतिम तिथि | कार्य समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोकसभा सांसद निधि से सरस्तवी शिशु मंदिर उ.मा.वि. सोहागपुर में हाल (शेड क्र.01) | 423765.00 | 4240.00 | 2000.00 | 16.03.2026 | 3 माह |
| 2 | राज्यसभा सांसद निधि से सरस्तवी शिशु मंदिर उ.मा.वि. सोहागपुर में हाल (शेड क्र.02) | 423765.00 | 4240.00 | 2000.00 | 16.03.2026 | 3 माह |
| 3 | विधायक निधि से नगर सोहागपुर के रामगंज वार्ड में सार्वजनिक चबूतरे पर छत निर्माण कार्य | 186420.00 | 1870.00 | 1000.00 | 16.03.2026 | 3 माह |

नोटः प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी नगर परिषद सोहागपुर की लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

श्रीमति लता यशवंत पटैल
अध्यक्ष, नगर परिषद सोहागपुर

श्रीमति कविता दीपक साहू
सभापति लो.नि.वि.
नगर परिषद सोहागपुर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सोहागपुर
जिला नर्मदापुरम्

## खबर संक्षेप

### पंजीयन कार्यालय होली छोड़कर छुट्टियों में खुले रहेंगे

**हरदा।** आम जनता को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने और सरकारी राजस्व को ध्यान में रखते हुए, मध्य प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, मध्य प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मार्च 2026 के महीने में होली के अवकाश को छोड़कर शनिवार व रविवार सहित सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। आदेश के पालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रीय उप महानिरीक्षक पंजीयन को निर्देश दिए कि वे अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सभी पंजीयन कार्यालयों को खुला रखें।

### 2 से 4 मार्च तक कृषि उपज मंडी में नीलामी बंद रहेगी

**हरदा।** सचिव कृषि उपज मण्डी हरदा ने किसानों को सूचित किया है कि 2 से 4 मार्च तक मण्डी प्रांगण हरदा में नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होने बताया कि 2 मार्च सोमवार को होलिका दहन, 3 मार्च मंगलवार धुलेण्डी को ग्रहण होने के कारण धुलेण्डी 4 मार्च को मनाई जावेगी। इस हेतु 2 से 4 मार्च तक मंडी प्रांगण में नीलामी कार्य बंद रहेगा।

### होली धुलेंडी व रंगपंचमी पर्व पर शुष्क दिवस घोषित

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 3 मार्च होली धुलेंडी पर्व तथा 8 मार्च को रंगपंचमी पर्व पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवस पर जिले में स्थित सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों, अम्बी वाईन शॉप एवं देशी मदिरा स्टोरेज भंडारागार 3 मार्च को प्रातःकाल से शांम 5 बजे तक तथा 8 मार्च को प्रातःकाल से शाम 4 बजे तक बंद रहेंगे। इस दौरान जिले में मदिरा का विनिर्माण, क्रय-विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण व पुनर्वास से जुड़े मामलों में कार्यवाही के निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्वास से जुड़े विभिन्न मामलों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल संरक्षण से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने भी बच्चों से जुड़े मामले में त्वरित कार्यवही के लिये आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में संरक्षण एवं पुनर्वास के मामले में कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के प्रकरणों में कार्यवाही को तेज गति से संचालित करने के लिये अधिकारी स्वयं बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर दस्तावेज अथवा आवश्यक जानकारी एकत्र करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बच्चों के हित में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों को जरूरतमंद बच्चों की पहचान, स्वास्थ्य परीक्षण, योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त जिला पंचायत का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

# अभिलेखों, शाखाओं की कार्यप्रणाली व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

संभागायुक्त नर्मदापुरम् के.जी. तिवारी ने शुक्रवार को जिला पंचायत हरदा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयीन अभिलेखों, विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर श्री तिवारी ने जिला पंचायत की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर स्थापना, लेखा, और विकास शाखा के रजिस्टरों एवं फाइलों की जांच की। उन्होने निरीक्षण के दौरान मनरेगा शाखा में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर राजेन्द्र प्रहलाद से ई-ऑफिस संचालन की जानकारी ली। इस दौरान एक फाइल मेन्यूअली भेजी गई, जिस पर संभागायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होने निर्देशित किया कि सारी फाइलें ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजी जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी उपयोग किया जाए।

संभागायुक्त तिवारी ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की उन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि प्रथम किश्त का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ही द्वितीय किश्त की राशि के भुगतान किया जाए। उन्होने स्वच्छता मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने ग्राम स्वराज संस्थान के कर्मचारियों का जिला पंचायत के कार्यों में सहयोग लेने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सेवा पुस्तिकाओं, कैशबुक और भंडार पंजी के उचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने लंबित प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण के कड़े निर्देश दिए। उन्होने ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रबन्धक रामनिवास कालेश्वर को निर्देशित किया कि बैंक शाखा प्रबन्धकों से चर्चा कर स्वीकृत प्रकरणों में राशि वितरण का कार्य पूर्ण कराएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, संयुक्त आयुक्त विकास नवल मीणा, जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गंभीर रहें अधिकारी

हरदा।कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में कलेक्टर ने नामांतरण, बंटावारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, धारणाधिकार, सायबर तहसील में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही वन व्यवस्थापन एवं राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा भी की।

## भारतीय किसान संघ ने किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला मुख्यालय पर भारतीय किसान संघ ने शुक्रवार को कृषि उपज मंडी में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। संघ ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अशोक कुमार डेहरिया को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगें रखीं। संघ के जिलाध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि आगामी गेहूं खरीदी 2700 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से की जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि मक्का की खरीदी समर्थन मूल्य 2400 रुपए प्रति क्विंटल पर की जाए, क्योंकि वर्तमान में किसानों की मक्का औने-पौने दाम पर खरीदी जा रही है। किसानों ने ग्रीष्मकालीन मूंग की सिंचाई के लिए नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अतिरिक्त, मोरंड गंजाल संयुक्त सिंचाई परियोजना को शीघ्र प्रारंभ करने और तवा सिंचाई परियोजना में सिंचाई से वंचित किसानों को शहीद इलाप सिंह परियोजना में जोड़ने की भी अपील की गई। अन्य मांगों में ई-टोकन व्यवस्था के माध्यम से दिए जाने वाले खाद में को-ऑपरेटिव सोसायटी को प्राथमिकता से खाद उपलब्ध कराना शामिल है, जिससे किसानों को शून्य ब्याज का लाभ मिल सके। कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने और रहटगांव, सिराली एवं हंडिया तहसील में गोडाउन बनाकर खाद विक्रय केंद्र खोलने की भी मांग की गई।

### बीमा राशि तत्काल उपलब्ध कराने की मांग

संघ ने जिले में रबी सीजन में ओलावृष्टि एवं बेमौसम बारिश से खराब हुई फसलों की क्षतिपूर्ति एवं बीमा राशि तत्काल उपलब्ध कराने की भी मांग की। जिला प्रवक्ता राजनारायण गौर ने बताया कि भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो संगठन प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करेगा। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, हरिशंकर सारण, रामकृष्ण मुकाती, विनोद पाटिल, आनंद राम किरार, विजय मलगाया, राजेंद्र बांके, श्याम पाटिल, ब्रज मोहन राठौर, दीपचंद नवाद, बालक दास छापरे, विष्णु गौर और बालकृष्ण मलगाया, पदाधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

## शिविर में दिव्यांगजनों की स्क्रीनिंग



**रहटगांव।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत संचालित सभी पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अन्तर्गत सभी पात्र हितग्राहियों के पेंशन फार्म तैयार कर पेंशन स्वीकृत करने एवं उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने हेतु जिले में स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार को दिव्यांगजनों के चिन्हांकन एवं दिव्यांग प्रमाण-पत्र तैयार कराने हेतु ग्राम पंचायत रहटगांव में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारी विशेषज्ञों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों से 176 एवं, शिविर स्थल पर 156 एवं विद्यालय में 455 लोगों की स्क्रीनिंग संपन्न की गई। इस दौरान दिव्यांगजनों को पात्रता अनुसार पेंशन एवं अन्य विभागीय योजनओं का लाभ प्रदाय किया गया।

### निर्माण स्थल पर सुरक्षित मिट्टी भराव कार्य हेतु मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करें

**हरदा।** श्रम पदाधिकारी हरदा ने जिले के सभी निर्माण कार्य नियोक्ताओं को अपने-अपने संचालित निर्माण कार्य स्थल पर सुरक्षित मिट्टी भराव कार्य के दौरान मानक संचालक प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश दिये है। उन्होने निर्देशित किया है कि कार्य के दौरान दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु श्रमिकों, पर्यवेक्षकों एवं मशीन ऑपरेटरों की सुरक्षा कार्य प्रणाली अपनाये जाने के निर्देशों का पालन किया जाए। उन्होने निर्देशित किया है कि लैंडफिलिंग कार्य के दौरान श्रमिकों को पी.पी.ई. अनिवार्य रूप में पहनावा सुनिश्चित करें, कार्य प्रारम्भ से पूर्व सुरक्षा की जांच की जावे, सामग्री की ढुलाई एवं अनलोडिंग समतल व स्थिर स्थान पर की जावे, कम्पैक्शन मशीन प्रशिक्षित ऑपरेटर से ही चलवाई जावे, सभी मशीनों में रिवर्स अलार्म आवश्यक रूप से कार्यशील हो तथा फिसलन एवं धंसाव व गिरने से सुरक्षा हो। मिट्टी भराव कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही से दुर्घटना होने पर संबंधित ठेकेदार पूर्णतः उत्तरदायी होंगे।

## सिंघारमांदल संभाली भोंगर्या हाट में विधायक व नेताओं के संग पारंपरिक नृत्य पर खूब थिरके



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

समीपवर्ती ग्राम ढसलगांव के भोंगर्या हाट में विधान सभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने मांदल संभाली तो तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण गूंज उठा। जब उसकी थाप पर आवाज गूंजी तो विधायक झुमा सोलंकी, विधायक प्रताप ग्रेवाल सरदारपुर, प्रदेश कांग्रेस महासचिव सुरेश पवार, जिलाध्यक्ष रवि नाईक ने भी आदिवासी-नृत्य कर उनका साथ दिया।

प्रारंभ में सिंघार को पारम्पिक तरीके से तीर-कमान भेंट कर उन्हें पुश्हारों से लाद दिया। वे यहां पहली बार हेलीकाप्टर से पहुंचे थे और उनके साथ विधायक सोलंकी भी आई थी। उनका हेलीपेड पर सरपंच तुलसीबाई नार्वे, प्रतिनिधि गिलदार नार्वे और जनपद सदस्य निर्मल लोहारे सहित कांग्रेसजनों ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में आदिवासी-संस्कृति को बनाए रखने का आव्हान किया और प्रधान मंत्री द्वारा अमेरिका से की गई डील की तीखी आलोचना की। इस अवसर पर भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के महिला, पुरुष और युवा वर्ग अपनी पारम्पिक वेशभूषा में पहुचे थे।

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

## समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला प्रशासन हरदा के सहयोग से शुक्रवार को पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होटल रुद्राक्ष पैलेस हरदा में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को उद्यमिता, वित्तीय सहायता, ई-कॉमर्स, शासकीय योजनाओं, कौशल विकास, मार्केटिंग, लोन प्रोसेस संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी। कार्यक्रम के दौरान भारतीय डाक एवं पे टीएम द्वारा डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने हेतु क्यूआर कोड एवं साउंड बॉक्स लाभार्थियों को निशुल्क उपलब्ध करवाए गए। कार्यक्रम में एमएसएमई इंदौर से सहायक निदेशक गौरव गोयल एवं विकास, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से प्रबंधक सचिन रोमड़े, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से मोहन लम्बोदरी, भारतीय डाक विभाग से उप विभागीय अधिकारी अमित कुमार व्यास एवं अरविन्द जोशी, भारतीय डाक पेमेंट बैंक से भवानी शेखर अपनी टीम के साथ, शासकीय संभागीय आईटीआई हरदा से प्रशिक्षण अधिकारी शरद कुमार मालवीय, एनएसडीसी से धर्मेंद्र यादव, पेटीएम से जीतेन्द्र एवं एमपीआईडीसी से शुभम गुप्ता सहित करीबन 220 से ज्यादा हितग्राहियों द्वारा सहभागिता की गयी। समस्त अधिकारियों द्वारा पीएम विश्वकर्मा स्कीम की विस्तृत जानकारी दी एवं साथ ही विभिन्न समस्याओं का समाधान भी मौके पर किया गया।

## किड्स टैलेंट फेस्टिवल में बच्चों ने दिखाए हुनर



**हरदा।** शहर के शिवानुजा प्ले स्कूल में 3 दिवसीय किड्स टैलेंट फेस्टिवल का शुभारंभ गुरुवार को उत्साह और उमंग के साथ हुआ। आयोजन के प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद एवं समाजसेवी सुप्रिया पटेल तथा प्रमिला ठाकुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। स्कूल की संचालक विभूति गौर ने बताया कि तीन दिवसीय इस आयोजन में बच्चों द्वारा विभिन्न आकर्षक और रचनात्मक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं, जिनसे उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास का विकास होता है। अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था की वाइस प्रिंसिपल समीक्षा त्यागी, सुधा ठाडा, ऋतु राजपूत, भावना वर्मा, माधुरी शर्मा उपस्थित रहीं। पहले दिन हुई प्रतियोगिताओ के विजेताओं में प्री नर्सरी के कप बैलेंसिंग में प्रथम आयांश तिवारी, द्वितीय रिशान पवार, तृतीय राशिका ठाकुर रही। इसी प्रकार जंपिंग रेस में प्रथम शिवाय जाट,द्वितीय हिमांश शर्मा, तृतीय आर्यमन जाट रहे। राइम्स में प्रथम शिवाय चौरे, द्वितीय योगित गेहलोत, तृतीय नीर बिश्नोई रहे। प्री प्रायमरी वर्ग में कप बैलेंसिंग प्रथम रिदित यदुवंशी,द्वितीय लक्ष्य बांके, तृतीय प्रांशी जाट और जंपिंग रेस में प्रथम श्रेयान जैसानी, द्वितीय रेयांश ओनकर तृतीय वत्सल मालवीय रहे। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखने योग्य रहा।

## कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने मृदा स्वास्थ्य में सुधार के लिए किसानों को सलाह दी

**हरदा।** कृषि विज्ञान केंद्र हरदा के वैज्ञानिक डॉ. आर.सी. जाटव ने बताया कि हरदा जिले की मृदा की वर्तमान स्थिति के संबंध में जारी परामर्श के अनुसार विभिन्न मृदा परीक्षण रिपोर्टों से यह स्पष्ट हुआ है कि जिले की मृदाओं में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, जिंक, सल्फर एवं जैविक कार्बन की कमी पाई गई है। जैविक कार्बन की कमी के कारण मृदा में लाभदायक सूक्ष्मजीवों की संख्या लगातार घट रही है तथा मृदा कठोर होती जा रही है। इसके परिणामस्वरूप वर्षा जल का अवशोषण एवं रिसाव कम हो रहा है, जिससे भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट आ रही है।

इन परिस्थितियों के कारण मृदा स्वास्थ्य निरंतर बिगड़ता जा रहा है। यह स्थिति मुख्यतः फसल अवशेषों को जलाने, असंतुलित उर्वरकों के उपयोग, जैव उर्वरक का प्रयोग न करने, जैविक खादों का कम प्रयोग करने के कारण उत्पन्न हुई है।कृषि वैज्ञानिक जाटव ने किसानों को सलाह दी है कि मृदा स्वास्थ्य सुधारने एवं संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण फसल उत्पादन प्राप्त करने के लिए खेत में फसल अवशेषों को न जलाएं, बल्कि उन्हें हैप्पी सीडर, रोटावेटर आदि कृषि यंत्रों के उपयोग से खेत में ही काटकर मृदा में मिलाएं। मृदा परीक्षण के आधार पर प्राप्त मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसाओं के अनुसार ही खाद एवं उर्वरकों की संतुलित मात्रा का प्रयोग करें। पोषक तत्व प्रबंधन में जैव उर्वरकों को अनिवार्य रूप से शामिल करें। दलहनी फसलों में राइजोबियम कल्चर का उपयोग करें। अनाज फसलों में एजोटोबैक्टर एवं एजोस्पिरिलम का प्रयोग करें।

फास्फोरस घुलनशील जीवाणु का प्रयोग करें। उन्होने बताया कि 5-10 टन प्रति हेक्टेयर गोबर खाद या कम्पोस्ट का प्रयोग करें। हरी खाद (ढैंचा, सनई आदि) का समावेश करें तथा प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती की पद्धतियों को अपनाकर मृदा की उर्वरता एवं संरचना को सुधारें। उन्होने बताया कि इन उपायों को अपनाकर मृदा की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है।

राजस्व वसूली की समीक्षा

## शत-प्रतिशत वसूली करने वाले नपकर्मी होंगे पुरस्कृत, पिछड़े तो कटेगा वेतन : नप सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति की ओर है। सभी विभाग शत प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए विशेष जोर दे रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने राजस्व वसूलीकर्ताओं व उनके सहायकों की बैठककर वसूली की समीक्षा की है। बैठक दौरान सीएमओ शर्मा ने समस्त 15 वार्डों की वसूली की समीक्षा की। उन्होंने वार्डों से प्रतिदिन अधिकतम वसूली करने के निर्देश वसूलीकर्ताओं को दिये। शर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष में शत प्रतिशत एवं अधिकतम वसूली करने वाले वसूलीकर्ताओं को नप पुरस्कृत करेगी। वहीं वसूली नहीं लाने को स्थिति में वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। अर्थात वसूली में लक्ष्य से पिछड़ने वाले कर्मियों पर कार्रवाई होगी। इस दौरान सभी वार्डों के वसूली प्रभारी व उनके सहयोगी उपस्थित थे।

### लगेंगे क्यू आर कोड

नप सीएमओ ने आदेश दिये व सूचना दी कि वार्डों में वसूली बढ़ाए जाने के उद्देश्य से वार्डों में क्यू आर कोड लगाने का कार्य भी किया जाएगा। तथा बकायादार मोबाइल से क्यू आर कोड स्कैन कर अपनी संपत्ति संख्या भरकर कर ऑनलाइन कर की राशि जमा कर सकते है। सीएमओ शर्मा ने सभी कर्मचारियों को बड़े बकायादारों की सूचीबद्ध करने के लिये निर्देशित किया है। शर्मा ने कहा कि यदि अधिक बाकी कर वाले बकायादार कर जमा नहीं करते हैं, तो उनके नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जाएगी। एवं दुकानदारों पर तालाबंदी की कार्यवाही की जाएगी। इन बकायादारों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश शर्मा ने दिये हैं।